प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 22.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा जंगल में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़, कई माओवादियों के मारे जाने की खबर, सर्च ऑपरेशन जारी।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रतिनिधिमंडल के साथ दावोस से पहुंचे लंदन, झारखंडी प्रवासियों ने किया जोरदार स्वागत।
3. डीजीपी तदाशा मिश्रा की नियुक्ति पर केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने जतायी आपत्ति, राज्य सरकार को लिखा पत्र।
4. राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न जिलों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखने की ली शपथ, उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ किये गये सम्मानित।
5. खूंटी के बिरसा फुटबॉल स्टेडियम में खेल संस्कृति और समन्वय कार्यक्रमों का हुआ आयोजन, अरुणाचल प्रदेश की छह सदस्यीय टीम भी हुई शामिल।

*********************

पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा के छोटानागरा थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई है। बहदा और कुमडीह के बीच दुर्दूरा जंगल में हुई इस कार्रवाई में कई इनामी नक्सलियों और माओवादी नेताओं के मारे जाने की सूचना है। फिलहाल सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी है।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन प्रतिनिधिमंडल के साथ दावोस की यात्रा संपन्न कर बुधवार देर रात लंदन पहुंचे। वहां रह रहे झारखंडी प्रवासियों और स्कॉलर्स ने उनका जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री यहां राज्य के विकास और शिक्षा से जुड़े वैश्विक अनुभवों को साझा करेंगे।

*********************

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड में तदाशा मिश्रा को डीजीपी नियुक्त किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। मंत्रालय ने इसे नियमों के विपरीत और असंवैधानिक बताते हुए उन्हें 31 दिसंबर 2025 से सेवानिवृत्त मानने का निर्देश दिया है।

*********************

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित चुनाव प्रबंधन सम्मेलन के दूसरे दिन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने फिलीपींस के प्रतिनिधिमंडल के साथ चुनाव प्रबंधन पर चर्चा की। इस दौरान झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर राज्य की ओर से मेजबानी की।

*********************

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्व्पूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से निर्णय लेने की प्रक्रिया, परियोजनाअें में देरी के कारणों का समाधान और जवाबदेही तय करने में मदद मिली है। इस विशेष श्रृंखला में आज हम झारखंड राज्य में कोयला मंत्रालय से जुड़ी परियोजनाओं पर नजर डालते हैं।

*********************

जेएलकेएम के केंद्रीय अध्यक्ष और विधायक जयराम महतो ने खूंटी में पड़हा राजा सोमा मुंडा के परिजनों से मुलाकात कर न्याय का भरोसा दिया। उन्होंने इस मामले को विधानसभा में उठाने और सीबीआई जांच की मांग की। महतो ने पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाते हुए राज्य में बढ़ते अपराधों पर चिंता जताई।

*********************

रांची–नई दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस का पलामू के मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पर आज से ठहराव शुरू होगा। सांसद विष्णु दयाल राम रात 10 बजे ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इस ठहराव से मोहम्मदगंज, हैदरनगर और कांडी प्रखंड के लाखों यात्रियों को दिल्ली आवागमन में बड़ी सुविधा होगी।

*********************

केन्द्रीय राज्य मंत्री रामदास आठवले के बयान पर झारखंड कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार गैर–भाजपा शासित राज्यों के साथ

सौतेला व्यवहार कर रही है और लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकारों पर दबाव बनाने के लिए फंड रोक रही है।

********************

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर गिरिडीह समाहरणालय सभा कक्ष में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित भी किया गया। भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यह आयोजन मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए किया गया।

********************

उधर, सरायकेला–खरसावां जिले में भी उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में तीनों विधानसभा क्षेत्रों के नौ उत्कृष्ट बीएलओ को सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत–प्रतिशत मतदान और विशेषकर महिला मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी की अपील की।

********************

पलामू जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन मैदान में भी आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। सार्जेंट मेजर सुरेश राम के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखने और निष्पक्ष मतदान की शपथ ली। इस दौरान नागरिकों को राष्ट्र निर्माण में मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

********************

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में आज साकारात्मक रूख बना हुआ है। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक सेंसेक्स 87 अंक बढकर 81 हजार 997 पर जबकि निफ्टी 46 अंक की वृद्धि के साथ 25 हजार 203 पर था।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख चौवालीस हजार दो सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत तीन लाख 24 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

राज्य में ठंड तेजी से कम हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक हो गये हैं। राज्य के कई जिलों का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। मौसम विभाग ने राज्य में अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में और वृद्धि की संभावना जतायी है, जिससे ठंड से और राहत मिलेगी।

********************

खूंटी के बिरसा फुटबॉल स्टेडियम में आदिवासी छात्र संघ के नेतृत्व में अरुणाचल प्रदेश से आई छह सदस्यीय टीम का पारंपरिक तरीके स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक समन्वय और खेल संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अरुणाचल की टीम ने यहां डुम्बारी बुरू और उलिहातु जैसे ऐतिहासिक स्थलों का भी भ्रमण किया, जिसका उद्देश्य अपनी जड़ों और विरासत को समझना था।

****************